शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम द्वारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम

GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE RATLAM
॥ विद्ययाऽमृतमश्नुते ॥

कार्यालय दूरभाष नंबरः– 07412–284226
ईमेल–deanratlam@gmail.com
वेबसाइट–www.gmcratlam.org

सैलाना रोड, ग्राम बंजली, रतलाम (म.प्र.) 457001

क्रमांक /1818/जी.एम.सी./2022 रतलाम दिनांकः– 08/02/2022

विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2021–22

शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के अंतर्गत सत्र 2021–22 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी/बायोटेक्नालॉजी व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्र, बायोलॉजी विषयों में प्राप्त अंकों की मैरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जाएंगे। आवेदक की उम्र 08 फरवरी 2022 की स्थिति में न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष से होनी चाहिए। पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी विवरणिका में उपलब्ध होगी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.	पाठ्यक्रक्र का नाम	डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट	पाठ्यक्रम अवधि	उपलब्ध सीट
1	बैचलर ऑफ मेडिकल लेब टेक्नीशियन	डिग्री	03 वर्ष	20
2	मेडिकल लेब टेक्नीशियन	डिप्लोमा	02 वर्ष	20
3	ऑप्टोमेट्रिस्ट रिफ्रेक्शन	डिप्लोमा	02 वर्ष	10
4	एनेस्थीसिया टेक्नीशियन	सर्टिफिकेट	01 वर्ष	10
5	ओ.टी.टेक्नीशियन	सर्टिफिकेट	01 वर्ष	10
6	ऑर्थो टेक्नीशियन	सर्टिफिकेट	01 वर्ष	10
7	हेल्थ इन्सपेक्टर	सर्टिफिकेट	01 वर्ष	10
8	सायटो टेक्नीशियन	सर्टिफिकेट	01 वर्ष	05
	कुल सीटों की संख्या			95

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी को ही देय होगा)। प्रत्येक वर्ग में क्षैतिज रूप से 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी। पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों में आरक्षित श्रेणीयों के आवेदकों हेतु अनुसूचित जनजाति–20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति–16 प्रतिशत, अन्य पिछडा वर्ग–27 प्रतिशत, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)–10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जो मध्यप्रदेश राज्य के स्थानीय निवासी हैं, उनके लिए तीन प्रतिशत (3%) सीट नियमानुसार आरक्षित हैं। यह आरक्षण क्षैतिज (हॉरिजोन्टल) होगा। नियमित सेवारत शासकीय कर्मचारियों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी।

उक्त पाठ्क्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका मय आवेदन पत्र शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर दिनांक 08.02.2022 से उपलब्ध होंगे। प्रवेश एवं काउंसलिंग से संबंधित समस्त जानकारी का अवलोकन समय–समय पर कालेज की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मय संलग्नकों के एवं देय शुल्क राशि रूपये 500/– (सामान्य वर्ग) एवं रूपये 300/– (आरक्षित वर्ग) डिमाड ड्राफ्ट द्वारा जमा कर डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। डिमाण्ड ड्राफ्ट New Government Medical college Autonomous Society Ratlam के नाम जो की State Bank of India Government Medical college Ratlam Branch IFSC Code – SBIN0061542 में देय होगा। बैंक डिमाण्ड ड्रफाट की मूल प्रति संलग्न नहीं होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2022, सायं 05:00बजे तक निर्धारित हैं, उक्त समायावधि पश्चात आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

नोटः–

1. वरीयता सूची एवं काउंसलिग कार्यक्रम की जानकारी विवरणिका में उपलब्ध रहेगी।
2. उपरोक्त पाठ्यक्रम में से किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या कम ज्यादा का अधिकार संस्था का रहेगा।
3. यदि अपरिहार्य कारणों से काउंसलिंग की तिथिया परिवर्तित/स्थगित होती हैं तो उसकी सूचना वेबसाइट/महाविद्यालय केनोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शा. स्व. चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम (म.प्र.)